

# रंगों का महापर्व : आज धूमधाम से मनेगी होली

## बाजारों में सजी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें, पुलिस का फ्लैग मार्च, हुड़दंगियों को सख्त चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 मार्च। ऊर्जा नगरी सिंगरौली में रंगों का महापर्व होली कल दिन बुधवार 4 मार्च को पूरे हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। इसके एक दिन पूर्व सोमवार की रात जिले भर में श्रद्धा और आस्था के साथ होलिका दहन किया गया। लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश आत्मसात किया। होलिका दहन स्थलों पर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।**

होली को लेकर जिला मुख्यालय बैढ़न से लेकर ग्रामीण अंचलों तक बाजारों में खास उत्साह नजर आ रहा है। रंग-गुलाल, अबीर, पिचकारी, मुखौटे और तरह-तरह की रंगीन सामग्री से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदने में जुटे हैं तो युवा वर्ग भी त्योहार की तैयारियों में पीछे नहीं है। मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी हैं और विभिन्न प्रकार की पारंपरिक मिठाइयों की बिक्री तेज हो गई है। घरों में भी होली की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। महिलाओं ने गुजिया, मालपुआ, दही बड़ा, नमकीन, पापड़ और अन्य लजीज पकवान बनाना शुरू कर दिया है। रसोई से उठती खुशबू पूरे माहौल को उत्सवमय बना रही है। परिवार के सदस्य मिलकर साफ-सफाई और सजावट में जुटे हैं। बच्चों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है, जो सुबह से ही होली के रंगों और मस्ती की बातें कर रहे हैं। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने का संदेश दिया। हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### प्रशासन सतर्क, हुड़दंगियों को हिदायत

सिंगरौली जिले में होली का पर्व वर्षों से आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश देता आया है। यहां लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, गले मिलते हैं और मिठाइयां बांटते हैं। प्रशासन की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग से इस वर्ष भी होली शांति, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाई जाएगी। जिलेवासियों का विश्वास है कि सिंगरौली में होली की यह परंपरा आगे भी इसी तरह प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देती रहेगी। साथ ही प्रशासन ने हुड़दंगियों को भी कड़े हिदायत दी है। इधर ग्रामीण व शहरी अंचलों में आज से ही रंग-गुलाल की धूम मच गई है। साथ ही जगह-जगह रात भर पिछले एक पखवाड़े से होली के गीत, ढोलक व झांझ-मजीरे की आवाज सुनाई दे रही है और आज और कल होली की फगुआ गीत सुनाई देगी।

### संवेदनशील इलाकों में रहेगी पुलिस की नजर

सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहर के संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीण अंचलों में भी अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, ताकि कहीं भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पारंपरिक रंग विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। देवसर, चितरंगी, माड़ा, लंघाडोल और सरई क्षेत्रों में फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। ढोलक, मंजीरे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर ग्रामीण फाग गाते हुए एक-दूसरे को होली की बधाई दे रहे हैं। गांवों में आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिल रहा है।

# होली पर्व पर अमृत जल योजना की विशेष जलापूर्ति व्यवस्था

## ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देश पर शेड्यूल जारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 मार्च। नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा होली पर्व कल दिन बुधवार 4 मार्च के मध्य नजर शहर में अमृत जल योजना के तहत जलापूर्ति की विशेष समय-सारणी निर्धारित की गई है। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान के निर्देश पर संबंधित वार्डों में तय समय के अनुसार नल जल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई की जाएगी, ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।**



जारी शेड्यूल के अनुसार हर्रई टंकी से प्रातः 8 बजे हर्रई वेस्ट, हर्रई ईस्ट, मेन रोड ढोटी, एलआईजी एवं एमआईजी क्षेत्रों में जलापूर्ति होगी, जबकि दोपहर 1 बजे गहिलगढ़ एवं पटेल फर्नीचर क्षेत्र में पानी दिया जाएगा। ढोटी टैंक से सुबह 7:30 बजे चंदवाल, सिमरिया, गहिलगढ़, तेलगवां एवं जुआड़ी क्षेत्रों में सप्लाई की जाएगी। बनोली टंकी से प्रातः 7:30 बजे बनौली चौराहा, 3 टॉवर, इटवां, ढेकी, घुरीताल, डीएव्ही रोड, अबुल कलाम कॉलोनी एवं आदर्श पथ में पानी पहुंचेगा। वहीं बलियरी रोड गनियारी टंकी से सुबह 8 बजे वार्ड 39 व 41 तथा हनुमान मंदिर क्षेत्र में सुबह 7 से 10 बजे तक वार्ड 40 व 39 में जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं यह भी बताया गया है कि इसी तरह अन्य वार्डों में भी वाटर सप्लाई की विशेष व्यवस्था कराई गई है। इधर निगम प्रशासन ने नागरिकों से निर्धारित समय में पानी संग्रह करने की अपील की है।

### एक नजर में

### जिले में होली पर्व पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित



**सिंगरौली।** जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कलेक्टर गौरव बैनल ने कल दिन बुधवार 4 मार्च की सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक जिले की सीमाओं में कोयला, गिट्टी, रेत तथा अन्य भारी मालवाहक वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश में कहा गया है कि होली के दौरान सड़कों पर अत्यधिक भीड़ और उत्सव के माहौल को देखते हुए दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार युवक

**देवसर।** जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम जगहत निवासी एक 28 वर्षीय युवक तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुये जा रहा था कि कुन्दवार रोड पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया, जहां उसे गंभीर चोटे आई हैं। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम जगहत निवासी मनीष कोल पिता दद्दुला कोल उम्र 28 वर्ष मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था कि कुन्दवार मार्ग पर जग्गीलाल साहू के घर के पास खड़े ट्रक से भीड़ गया। गंभीर चोट आने पर युवक को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सीएससी देवसर पहुंचाया, किंतु हालत नाजुक देख चिकित्सको ने बैढ़न के लिए रिफर कर दिया।



# होली सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है : रामनिवास

## विधायक ने गांव-गांव पहुंचकर बांटे सौहार्द के संदेश

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 मार्च। सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में इस वर्ष होली मिलन समारोहों की विशेष धूम रही। पंचायत हर्रहवा स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण सहित कई गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने सहभागिता कर क्षेत्रवासियों के साथ उत्साह और आत्मीयता के साथ होली का पर्व मनाया।**

विधायक रामनिवास शाह आज दिन मंगलवार को अलग-अलग गांवों में पहुंचकर होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर पारंपरिक फाग गीतों की गूंज सुनाई दी, जहां विधायक ने भी ढोलक व झांझ-मंजीरा बजाकर उत्सव में भागीदारी निभाई। ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज को जोड़ने और आपसी संबंधों को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे विधानसभा क्षेत्र में होली मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।

# दो तस्करों के कब्जे से 113 लीटर अवैध शराब व बाइक जब्त

## अवैध शराब के विरुद्ध बरगवां पुलिस की दो बड़ी कार्रवाई, एक किराना दुकान से बरामद हुई थी देशी-विदेशी शराब

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 मार्च। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 112.715 लीटर अवैध शराब एवं एक मोटर साइकिल जप्त की है। दोनों मामलों में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**



पहली कार्रवाई बीते दिन सोमवार 2 मार्च को की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल से अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक हीरो फैशन-एक्सप्रो मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 एमसी 9964 को रोककर तलाशी ली। तलाशी में अंग्रेजी व देशी शराब सहित कुल 75 लीटर शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 27 हजार 484 रुपये बताई गई है। जप्त मोटर साइकिल की कीमत लगभग 60 हजार रुपये आंकी गई है। इस मामले में सीताराम साहू उम्र 25 वर्ष निवासी चिनगी पतेरी तथा महेंद्र सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी दरुहा, जिला पलामू-झारखंड हाल मुकाम गोरबी शराब भट्ठी के विरुद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई बरगवां पुलिस द्वारा आज दिन मंगलवार को की गई। ग्राम पचौर में एक किराना दुकान पर अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। मौके से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी व देशी शराब कुल 37.715 लीटर, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3400 रुपये है, जप्त की गई। इस मामले में मनोज साहू उम्र 19 वर्ष निवासी पचौर के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई मो. समीर के साथ सउनि श्याम बिहारी द्विवेदी, वीरेंद्र त्रिपाठी, प्रआर अनूप मिश्रा, नंदकिशोर बागरी, फूल सिंह, संजय यादव, आर चंद्रकेश यादव व ऑरिश गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मप्र ड्राइवर महासंघ 7 को निकालेगा पदयात्रा

## 8 अप्रैल को भोपाल में सौंपेगा ज्ञापन, ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति व सुरक्षा व्यवस्था की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 मार्च। म.प्र. ड्राइवर महासंघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले सहित प्रदेशभर में पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में महासंघ ने प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग तथा सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है।**

जिला मुख्यालय में सौंपे गए आवेदन के अनुसार 7 मार्च को जिले की विभिन्न सीमाओं से चालक साथी वाहन रैली और पदयात्रा के माध्यम से भोपाल के लिए रवाना होंगे। यात्रा के दौरान संगठन के सदस्य मुख्य मार्गों से होते हुए जिले में प्रवेश करेंगे और निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ेंगे। महासंघ का कहना है कि यह पदयात्रा प्रदेश के प्रत्येक जिले से निकाली जा रही है, जो 8 अप्रैल को भोपाल के जंबूरी मैदान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी। जिला महामंत्री शिवपाल साहू ने बताया कि चालक वर्ग लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसीक्रम में यह शांतिपूर्ण पदयात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग की अनुमति प्रदान की जाए तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नंदलाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष हरीश प्रसाद द्विवेदी, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार त्रिवेदी, संगठन मंत्री तेजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ट्रक, बस, डंपर एवं अन्य व्यावसायिक वाहन चालक शामिल होंगे।



# परिवार परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 मार्च।** एनसीएल की झिंगुरदह परियोजना ने गत शनिवार को अधिकारी क्लब, झिंगुरदह में कर्मियों के लिए परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया। परामर्श शिविर के दौरान उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कार्य-जीवन संतुलन, व्यक्तित्व निर्माण और बेहतर जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी और तनाव मुक्त जीवन जीने के सूत्र भी साझा किए।

# गन्नई में तस्करों के कब्जे से 18 भैंस व दो गाय बरामद

## सरई क्षेत्र में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़ : ग्रामीणों और युवाओं ने पकड़े तस्कर

**नवभारत न्यूज**

**सरई,3 मार्च। बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के गन्नई में आज दिन मंगलवार को एक मिनी ट्रक से करीब डेढ़ दर्जन से अधिक भैंस एवं दो गायों को आरएसएस एवं भैरव समिति के सदस्यों ने बरामद कर कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि इस रास्ते से आये दिन कटने के लिए मवेशी बुचड़खाना ले जाया जा रहा था।**



मिली जानकारी के अनुसार तस्कर बड़ी-बड़ी गाड़ियों में मवेशियों को भरकर बाहर ले जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब यह देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और खुद भी तस्करों का पीछा किया। पुलिस ने बताया कि तस्करों के पास मवेशियों के परिवहन के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने मवेशियों को मुक्त करा लिया है, जहां मवेशियों की संख्या डेढ़ दर्जन थी। पुलिस ने मवेशी तस्कर मो. अफरोज पिता मो. इस्लाम उम्र 22 वर्ष, सद्दाम हुसैन पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जियावन, सलमान खान पिता इस्लाम खान उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम शिवगढ़ थाना हनुमना जिला मऊगंज, राजू अंसारी पिता अब्दुल सलीम उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गोड़ाही थाना बहरी जिला सीधी के खिलाफ पुलिस ने पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई स्थानीय हिंदू संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भैरव समिति लोगों के सहयोग से संभव हो सकी है।

# एनटीपीसी संगठन की गौरवशाली विरासत का महत्वपूर्ण स्तंभ है : झा

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर, 3 मार्च। एनटीपीसी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक प्रचालन सेवाएँ विद्यानंद झा ने एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना का औपचारिक निरीक्षण दौरा कर संयंत्र के समग्र प्रचालन प्रदर्शन तथा वर्तमान में संचालित विभिन्न पहलों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रमुख प्रचालन मानकों का सूक्ष्म आंकलन करते हुए उत्पादन क्षमता, परिचालन दक्षता, प्रणाली की विश्वसनीयता तथा अनुरक्षण व्यवस्था की प्रभावशीलता का परीक्षण किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संदीप नायक, सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में प्रचालन प्रणाली में नवाचार, संसाधनों के इष्टतम उपयोग, गुणवत्ता उन्नयन, लागत संतुलन तथा सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ीकरण पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यानंद झा ने कहा कि एनटीपीसी परियोजना संगठन की गौरवशाली विरासत का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

# शक्ति चौरा विद्यालय परिसर का हैंडपंप तीन महीने से खराब

## पीएचई अमला लापरवाह, नौनिहाल बच्चे समेत शिक्षक भी परेशान

**नवभारत न्यूज**

**देवसर,3 मार्च। देवसर विकासखण्ड के समीपी शासकीय प्राथमिक विद्यालय शक्ति चौरा का हैंडपंप पिछले तीन महीने से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन सुस्त पीएचई अमला बिगड़े हैंडपंपों का मरम्मत नही कर रहा है। जिससे स्कूली नौनिहाल बच्चों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।**



आलम यह है कि उक्त शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में लगा हैंडपंप करीब तीन महीने के अधिक समय से बंद होने के कारण बच्चों को या तो घर से पानी लाना पड़ता है या फिर आसपास के घरों और अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान पानी की व्यवस्था न होने से बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई बार बच्चों को प्यास लगने पर कक्षाएं छोड़कर बाहर जाना पड़ता है, जिससे पढ़ाई भी बाधित होती है। फिर भी पीएचई अमला अनजान बना हुआ है। बच्चे के अभिभावको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बिगड़े हैंडपंप का शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी टीम और उनके परिवार होते हैं : पंचमन

## हिंडालको महान में शुभारम्भ : फाउंडेशन टू फ्यूचर कार्यक्रम, नवागत साथियों का स्वागत, 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां,3 मार्च। फाउंडेशन टू फ्यूचर थीम के अंतर्गत हिंडालको महान में शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंडालको महान से जुड़े नवागत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों का स्वागत किया गया, साथ ही आदित्य बिड़ला समूह में 25 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया।**



कार्यक्रम में 25 से अधिक नए ज्वाइनर्स अपने परिवारों के साथ शामिल हुए, जिससे आयोजन में आत्मीयता और पारिवारिक माहौल की विशेष अनुभूति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मानव संसाधन प्रमुख ने स्वागत भाषण में शुभारम्भ की अवधारणा स्पष्ट करते हुए कहा कि यह केवल औपचारिक परिचय का मंच नहीं, बल्कि संगठन और परिवार के बीच विश्वास और जुड़ाव को मजबूत करने का अवसर है। इस अवसर पर नवागत इकाई प्रमुख लिनु पंचमन, एस सेंथिल नाथ, प्रोजेक्ट हेड पीवी कृष्णा और एस. शशि कुमार ने अपने विचार रखे। नेतृत्व टीम ने कहा कि हिंडालको महान में प्रतिभा का मूल्यांकन केवल कार्य निष्पादन से नहीं, बल्कि मूल्यों, सहयोग और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता से किया जाता है। नवागत इकाई प्रमुख लिनु पंचमन ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी टीम और उनके परिवार होते हैं। उन्होंने नवागत साथियों से नवाचार, सुरक्षा और उत्कृष्टता को अपने कार्य का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। प्रोजेक्ट हेड सेंथिल नाथ ने 25 वर्ष पूर्ण करने वाले अधिकारियों को संस्था की जीवंत विरासत बताते हुए कहा कि उनका अनुभव और समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।